# 'किसानों की आय बढ़ाने में कृषि पर्यटन होगा मददगार'



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते अतिरिक्त मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, साथ में प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश मेश्राम ● जागरण

### इनका सम्मान

बुलंदशहर के कृपाल सिंह, दुधवा के सुरज शुक्ला, लखीमपुरखीरी के अनिरुद्ध, लखनऊ के अहमद फ़ैज़, बस्ती के शैलेन्द्र सिंह, सीतापुर के अब्बास जाफरी, आगरा के आरपी सिंह, कन्नौज के प्रणव कपूर, यहीं के दिव्य उदित नारायण सिंह, बांदा के दीपक गुप्ता गुलमोहर के साथ ही बेस्ट टूरिज्म विलेज-2023 के विजेता वाराणसी के कुरौना रामेश्वरम गांव के प्रतिनिधि को सम्मानित किया गया।

जागरण संवाददाता ● लखनऊ : अपर मुख्य सचिव कृषि एवं कार्मिक विभाग देवेश चतुर्वेदी ने कहा है कि देश में कृषि और ग्रामीण पर्यटन में असीमित अवसर हैं। किसानों की आय बढ़ाने में इस क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान हो सकता है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 17वें विश्व कृषि पर्यटन दिवस पर आयोजित सेमिनार का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कृषि और ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए तीन बिंदु सुझाए। पहला गांवों में चार-पांच दिन या इससे ज्यादा ठहरने की अच्छी व्यवस्था हो। इससे लाभ यह होगा कि जो आर्थिक रूप से संपन्न लोग हैं वह भ्रमण व ठहरने के लिए आकर्षित होंगे। दूसरा पर्यटन विभाग को शिक्षा विभाग से वार्ता कर छात्र-छात्राओं के गांवों में भ्रमण की व्यवस्था बनानी चाहिए। इससे जो विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से दूर हो चुके हैं उन्हें ग्रामीण जीवन और वहां की खूबियों का व्यावहारिक ज्ञान होगा। तीसरा काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, आगरा समेत जो अन्य पर्यटन स्थल हैं वहां बड़ी संख्या में पर्यटक जाते हैं। यदि रास्ते में कृषि और ग्रामीण पर्यटन स्थल उपलब्ध हों तो लोग निश्चित रूप से पर्यटन न केवल जाएंगे बल्कि ठहरेंगे भी। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि गांवों में शुद्ध हवा, जल मिलता है। शहरों में रहने वाले लोग गांवों में घूमना पसंद करते हैं। वह वहां की जीवनशैली देखना चाहते हैं। नई पीढ़ी को खेती किसानी को केवल किताबों में ही पढ़ रहे हैं। पर्यटन विभाग प्रदेश में कृषि पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रहा है। इसमें लोग खुद भी आगे आएं। विशेष सचिव गृह योगेश कुमार, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया के अलावा सेमिनार को उत्तराखंड की मनीषा पांडेय, हिमाचल के कुमार अनुभव, बकरी छाप एग्रो टूरिज्म के रूपेश राय, जीएचई लेह के पारस लूम्बा, विलो टेल अल्मोड़ा के सौमेन करमाकर, बैक टू विलेज भुवनेश्वर के मनीष कुमार, बाराबंकी के पद्मश्री किसान राम शरण वर्मा, बांदा के प्रेम सिंह, गुलमोहर इको विलेज के दीपक गुप्ता, परफ्यूम टूरिज्म के प्रणव कपूर, कन्नौज के दिव्य उदित नारायण सिंह, मेला कोठी आगरा के आरपी सिंह आदि ने संबोधित किया। यहां पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक रवि रंजन, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा, उपनिदेशक दिनेश कुमार, उपनिदेशक वीरेश कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन दूरदर्शन के आत्म प्रकाश मिश्र ने किया।